This question paper contains 8+4 printed pages]

Your Roll No. ....................................

**3404**

# LL.B. B

## I Term

## Paper LB-104—CRIMINAL LAW—I (NC)

## (Specific Crimes)

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks : 100*

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

*Note* :— Answers may be written *either* in English *or* in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.

इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेजी या हिंदी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए ।

Answer any *Five* questions.

*All* questions carry equal marks.

Substantiate your answer with case law, reasons and examples

किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

**सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।

अपने उत्तरों को निर्णय विधि, तर्कों

तथा उदाहरणों से पुष्ट कीजिए ।

1. After consuming adulterated liquor, 70 persons died and 24 lost their eye sight permanently. Mukesh, the owner of the

company that supplied the liquor has been arrested. He claims not to know that the substance that was mixed with the liquor was dangerous or was likely to cause hurt or death of human beings. He was merely motivated to make more profit.

Identify the relevant provisions of the IPC under which Mukesh may be charged.

अपमिश्रित मद्यपान करने के बाद 70 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई तथा 24 व्यक्तियों ने अपनी ज्योति स्थायी रूप से गँवा दी । मद्य सप्लाई करने वाली कम्पनी के स्वामी मुकेश को गिरफ्तार कर लिया गया । वह दावा करता है कि उसे इसकी जानकारी नहीं थी कि मद्य में मिलाया गया पदार्थ खतरनाक था या क्षति पहुँचा सकता था अथवा आदमियों की मृत्यु कारित कर सकता था । वह केवल अधिक लाभ कमाने को लेकर प्रेरित था ।

भारतीय दंड संहिता के सुसंगत उपबंधों की पहचान कीजिए जिनके तहत मुकेश को आरोपित किया जा सकता है ।

2. (*a*) Anil took out his brand new car for the first ride. The bumper of Anil's car was damaged after being hit by Murali's scooter who could not stop it in time at the red light. Anil became furious and started abusing Murali. Murali objected to the abusive language. This infuriated Anil more and he started slapping Murali. Murali used his hockey stick to beat Anil. Anil took out his cricket bat from his car and bet Murali to death. Anil has been charged with murder.

Prepare arguments in his defence.

अनिल ने अपनी ब्रान्ड न्यू कार पहली बार चलाने के लिए बाहर निकाली । अनिल की कार का बम्पर मुरली के स्कूटर की टक्कर से क्षतिग्रस्त हो गया । मुरली स्कूटर को रेड लाइट पर समय रहते नहीं रोक सका था । अनिल क्रोधित हो उठा और उसने मुरली को गाली देना शुरू कर दिया । मुरली ने गाली की

भाषा पर आपत्ति उठाई । इसने अनिल को और अधिक कुपित कर दिया और उसने मुरली को चपत मारना शुरू कर दिया । मुरली ने बदले में अनिल को पीटने के लिए अपनी हॉकी स्टिक का प्रयोग किया । अनिल ने अपनी कार से अपना क्रिकेट का बल्ला निकाला और मुरली को पीटकर मार डाला । अनिल पर हत्या का आरोप लगाया गया है ।

उसके बचाव में तर्क तैयार कीजिए ।

(*b*) A gave money to his servant B, to buy her return air tickets between Delhi-Bombay. B absconded with the money.

What offence has B committed ?

A ने अपने नौकर B को दिल्ली–बम्बई के बीच रिटर्न एअर टिकट खरीदने के लिए रुपए दिए । B रुपए लेकर फरार हो गया ।

B ने क्या अपराध किया है ?

3. (*a*) A passenger, Shanti fell down from the moving bus and was crushed by its hind wheels.

Can the driver be held liable for causing death by rash and negligent act ?

शान्ति नामक एक यात्री चलती बस से गिर पड़ी तथा पिछले पहिये से कुचली गई ।

क्या ड्राइवर को उतावलेपन के तथा उपेक्षापूर्ण कार्य के लिए दायित्वाधीन अभिनिर्धारित किया जा सकता है ?

(*b*) A went to a Store on a rainy day and put her umbrella outside. On her way back, she picked it up and went home. On reaching home, A realised that she had by mistake brought someone else's umbrella from the Store. She decided to keep it assuming that the other person will take away her umbrella.

Has A committed any offence ?

A वर्षा वाले दिन एक स्टोर को गई तथा उसने अपना छाता बाहर की तरफ रख दिया । वापसी पर उसने उसे उठा लिया तथा अपने घर चली गई । घर पहुँचने पर A को पता चला कि वह स्टोर से गलती से किसी और का छाता लेकर आ गई । उसने इस धारणा से कार्य करते हुए उस छाते को अपने पास रखने का विनिश्चय किया कि अन्य व्यक्ति उसका छाता ले जाएगा ।

क्या उसने कोई अपराध किया है ?

4. Karina was married to Vishal on 30th January, 2009. She was not allowed by her husband to meet her parents as they had failed to give a car and Rs. 50,000 at the time of wedding as agreed before the marriage. On the accasion of the birth of her first son on 20th August, 2011, her parents gave Rs. 20,000 in cash and gifts worth Rs. 15,000 in an effort to appease her husband and restore normalcy. Vishal kept *the* cash and presents but abused them and asked them not to return if they cannot fulfil their promise. Two days later,

Karina developed stomach ache. The doctors diagnosed that it was the appendix and she needed to be operated urgently. Vishal did not take her to the hospital. Karina died after the appendix burst.

What offence/s, if any, can Vishal be charged with ?

करीना का 30 जनवरी, 2009 को विशाल से विवाह हुआ था । उसके पति ने उसे उसके माता-पिता से नहीं मिलने दिया क्योंकि उन्होंने विवाह के समय एक कार तथा 50,000 रुपए नहीं दिए जैसी कि उन्होंने विवाह पूर्व सहमति जताई थी । 20 अगस्त, 2011 को उसके पहले पुत्र के जन्म के अवसर पर उसके माता-पिता ने उसके पति को तुष्ट करने व हालात को सामान्य बनाने के प्रयास में 20,000 रुपए नकद और 15,000 रु. के उपहार दिए । विशाल ने नकदी और उपहार रख लिए पर उनको गाली दीं और कहा कि यदि वे अपना वायदा पूरा नहीं कर सकते हैं तो यहाँ लौटकर न आएं । दो दिन बाद करीना के पेट में दर्द हुआ । डॉक्टरों ने निदान किया कि यह अपैन्डिक्स

है तथा करीना को तुरन्त ऑपरेशन कराने की जरूरत है । विशाल उसे अस्पताल नहीं ले गया । अपैन्डिक्स के फट जाने के बाद करीना की मृत्यु हो गई ।

विशाल पर किस अपराध का, यदि कोई है, आरोप लगाया जा सकता है ?

5. (*a*) Akriti, a girl of 17 years of age ran away with her boyfriend. She was brought to the police station as her father had filed a complaint of kidnapping against her boyfriend. Sexual intercourse in the police station between Akriti and Ghanshyam, a police constable was proved. Akriti said that she did not consent to the sexual intercourse. There are no marks of injury on her person or that of Ghanshyam.

Can Ghanshyam be held liable for rape ?

एक 17 वर्षीय लड़की अकृति अपने प्रेमी के साथ भाग गई । उसे पुलिस स्टेशन लाया गया क्योंकि उसके पिता ने उसके प्रेमी के विरुद्ध व्यपहरण करने की

शिकायत दर्ज कराई थी । पुलिस स्टेशन में आकृति और कान्स्टेबिल घनश्याम के बीच हुआ मैथुन साबित हो गया । आकृति का कहना था कि वह मैथुन के लिए सहमत नहीं हुई थी । उसके या घनश्याम के शरीर पर क्षति के कोई निशान नहीं थे ।

क्या घनश्याम का बलात्संग के लिए अभिनिर्धारण किया जा सकता है ?

(b) Akriti took with her Rs. 26,000 and her mother's jewellery from home without the knowledge of her parents when she ran away from home with her boyfriend.

Can she be held liable for theft ?

आकृति तब अपने माता-पिता की जानकारी के बिना अपने साथ 26,000 रुपए और अपनी माता के जेवरात ले गई जब वह अपने प्रेमी के साथ घर से भागी थी ।

क्या वह चोरी के दायित्वाधीन ठहराई जा सकती है ?

6. Kuber, the former boyfriend of Kiran, was blackmailing her threatening to publish her nude photos that he had clicked when they were together. On one occasion, she gave him Rs. 50,000 to obtain those photos. On another occasion, she consented to have sexual intercourse with him to obtain the remaining photos.

Can Kuber be held liable for extortion and rape ?

किरण का पूर्व प्रेमी कुबेर उसके तब लिए गए नग्न फोटों को, जब वे एक साथ थे, प्रकाशित करने की धमकी देते हुए किरण को ब्लैकमेल कर रहा था । एक अवसर पर किरण ने उन फोटों को प्राप्त करने के लिए 50,000 रुपए भी दिए थे । एक अन्य अवसर पर उसने बाकी बचे फोटों को प्राप्त करने के लिए, मैथुन करने की सहमति भी दी थी ।

क्या कुबेर को उद्दापन तथा बलात्संग के लिए दायित्वाधीन ठहराया जा सकता है ?

7. (*a*) Ankur, 17 years old girl, studying in a public school in Delhi, participated in Dancing Talent Hunt and was declared the winner. Suhasini, the Director of a reputed dance company, offered to record an item number with

her in the upcoming film if she was to visit her in Bombay. Suhasini left her visiting card with Ankur. Against the wishes of her father. Ankur took a train to Bombay. Suhasini allowed Ankur to stay at her residence while she made arrangements for shooting of the dance sequence as promised. Can Suhasini be held liable for kidnapping ?

दिल्ली में किसी पब्लिक स्कूल में पढ़ रही 17 वर्षीय लड़की अंकुर ने **डान्सिंग टेलेन्ट हन्ट** में भाग लिया और वह विजयी घोषित हुई । एक विख्यात डान्स कम्पनी की निदेशक सुहासिनी ने प्रस्थापना की कि यदि वह बम्बई में उससे आकर मिले तो वह अपनी आने वाली फिल्म में उसके साथ एक आइटम नम्बर रिकार्ड करेगी । सुहासिनी ने अपना विजिटिंग कार्ड अंकुर के पास छोड़ दिया । अंकुर ने अपने पिता की इच्छा के विरुद्ध बम्बई के लिए ट्रेन पकड़ ली । सुहासिनी ने वायदा के अनुसार डांस सीक्वेंस की व्यवस्था किए जाने तक अंकुर को अपने निवास पर रहने की अनुमति दे दी । क्या सुहासिनी को व्यपहरण करने के लिए दायित्वाधीन अभिनिर्धारित किया जा सकता है ?

(*b*). In the above scenario. Ankur paid Suhasini a sum of Rs. 25,000 for the promised item number but later learnt that Suhasini was in fact a junior artist and had no resources to arrange filming of an item number with Ankur. Can Suhasini be held liable for any offence ?

उपर्युक्त परिदृश्य में, अंकुर ने वायदा किए गए आइटम नम्बर के लिए सुहासिनी को 25,000 रुपए अदा किए । किन्तु उसे बाद में पता चला कि सुहासिनी वस्तुत: एक जूनियर आर्टिस्ट थी तथा उसके पास अंकुर के साथ आइटम नम्बर की फिल्मिंग की व्यवस्था करने का कोई संसाधन नहीं था । क्या सुहासिनी को किसी अपराध के लिए दायित्वाधीन ठहराया जा सकता है ?

8. Write short notes on any *two* of the following :

(*a*) The most conspicuous or efficient cause of a result.

(*b*) Difference between intention and motive.

(*c*) Difference between fraudulently and dishonestly.

निम्न में से किन्हीं **दो** पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :

(*a*) किसी परिणाम का सर्वाधिक सहजदृश्य या दक्ष कारण ।

(*b*) आशय और हेतु के बीच अन्तर ।

(*c*) कपटपूर्वक और बेईमानीपूर्वक के बीच अन्तर ।